डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.**
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

पत्रांकः– 20 /रा0से0यो0/डॉ.श.मि.रा.पु.वि.वि./2024–25, दिनांकः– 18 सितम्बर, 2024

# //सूचना//

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र 2023–24 एवं 2024–25 में पंजीकृत समस्त स्वयंसेवकों सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में स्वच्छता ही सेवा पर रैली एवं शपथ कार्यक्रम दिनांक 20 सितम्बर, 2024 के प्रातः 7:30 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ कैम्पस में आयोजित किया गया है। सभी स्वयंसेवक निर्धारित स्थान पर बस के द्वारा जायेगें। इस कार्यक्रम/रैली में सभी स्वयंसेवक सफेद पोशाक पहनकर ही अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा–2024 निर्गत दिशा–निर्देश के अनुक्रम में स्वच्छता ही सेवा पर दिनांक 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक विश्वविद्यालय परिसर एवं आस–पास के गॉव, गली मौहल्लों में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में पंजीकृत स्वयंसेवकों के द्वारा साफ–सफाई में अपना श्रमदान देना तथा इस हेतु अन्य लोगों को भी ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने में अपना सहयोग करना अपेक्षित है। दिनांक 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा–2024 कार्यक्रम से सम्बन्धित रूपरेखा जल्द ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

भवदीया

**(डॉ0 प्रार्थना वर्धन)**
समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. माननीय कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय
3. समस्त कार्यक्रम अधिकारी रा0 से0 यो0 इकाई, विश्वविद्यालय
4. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**(डॉ0 प्रार्थना वर्धन)**
समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई